Regardinmg need to take action against fraudulent travel agents-Laid

श्रीचन्द्रप्रकाशचौधरी(गिरिडीह) :झारखंड राज्य के 60 से ज़्यादा मज़दूर मलेशिया देश में रोज़गार करने गए थे। लेकिन वहाँ उन्हें वेतन नहीं मिल रहा है जिस कारण वे वहाँ फँस गए हैं । इन 60 मज़दूरों को लीड मास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन SDN BHD, कंपनी द्वारा अनुबंध पर काम करने हेतु मलेशिया लाया गया परंतु उन्हें 6 महीने से वेतन नहीं मिला है। उनके परिजन द्वारा उनको वापस लाने के लिए आग्रह किया गया है। मैंने माननीय विदेश मंत्री को इस संबंध में पत्र भी लिखा था और उस पर कार्रवाई करते हुए कुछ दिनों बाद उन मज़दूरों को भारतीय दूतावास में रहने खाने की जगह मिल गई है, जिसका मैं आभार व्यक्त करता हूँ।लेकिन उसके बाद से काफ़ी समय हो गया है और उन मज़दूरों की समस्या का हल करना ज़रूरी है और उन्हें वापस भारत अपने परिवार के पास लाने की ज़रूरत है और उनके द्वारा किए गए काम का वेतन भुगतान भी कराना जरूरी है । और ऐसे कई एजेंट हैं भारत में जो यहाँ से मजदूरको ज्यादा वेतन देने का वादा करके विदेश ले जाते हैं और फिर उन्हे वहाँ वेतन ही नहीं मिलता। ऐसे लोगों को चिह्नित कर कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

? (व्यवधान)